## हरियाणा में बोर्ड के पास कुल 12 हजार 524 संपत्तियां

# वक्फ बोर्ड की जमीन पर जमकर खेल हुए संपत्ति को सबलेट करते रहे किराएदार

- 8 हजार 207 संपत्तियां ग्रामीण इलाके में हैं। 4 हजार 317 संपत्तियां शहरी क्षेत्र में
- संपत्ति को आगे से आगे सबलेट करने के कारण बोर्ड की कमाई नहीं हुई

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸| चंडीगढ़

हरियाणा में भी हरियाणा वक्फ बोर्ड की संपत्ति को लेकर जमकर खेल हुए हैं। इन संपत्ति पर जो किराएदार थे, उन्होंने कर्मचारियों और अधिकारियों के साथ मिलकर संपत्ति सबलेट कर दी। इससे बोर्ड को भारी नुकसान हुआ। सूबे में साढ़े बारह हजार से ज्यादा संपत्ति हैं। वक्फ (संशोधन) विधेयक लोकसभा और राज्यसभा से पारित हो जाने के साथ ही अब राष्ट्रपति से मंजूरी का इंतजार हो रहा है। हरियाणा वक्फ बोर्ड की संपत्तियों को लेकर आधिकारिक हरियाणा वक्फ बोर्ड की वेबसाइट पर उपलब्ध ब्यौरे के अनुसार बोर्ड के पास कुल 12524 संपत्तियां हैं। हरियाणा वक्फ बोर्ड की 12 हजार 524 संपत्तियों में से 8 हजार 207 संपत्तियां ग्रामीण इलाके में हैं। 4 हजार 317 संपत्तियां शहरी क्षेत्र में है।

### 2013 से 2016 तक 52. 02 करोड़ की इनकम



हरियाणा वक्फ बोर्ड की सबसे ज्यादा संपत्ति 33749 कनाल और नूंह जिले में है। कुरुक्षेत्र में 17,943 कनाल जमीन है और दूसरे नंबर पर है। तीसरे स्थान पर महेंद्रगढ़ जिला है, जहां पर वक्फ बोर्ड के पास 15399 कनाल जमीन है। साल 2013 से लेकर साल 2016 तक कुल 52. 02 करोड़ की इनकम हुई।

### विधेयक पारित होने के बाद आरोप-प्रत्यारोप



वक्फ संशोधन विधेयक के दोनों सदनों से पारित होने के बाद राजनीतिक बयानबाजी लगातार जारी है। विपक्षी दल जहां इसे कोस रहे हैं। भाजपा और उसके सहयोगी दलों ने गरीब मुसलमानों के हित में बताया। विपक्षी दलों ने इसे संविधान पर हमला करार देते हुए लोकतंत्र के खिलाफ करार दिया है।

सीएम ने कहा

## कांग्रेस लोगों को भड़काने में माहिर



हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कांग्रेस को घेरा व हमला किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस लोगों को भड़काने में माहिर हैं। अब से पहले कांग्रेस के नेताओं ने सीएए और अब वक्फ संशोधन बिल को लेकर कांग्रेस लोगों को भड़का रही है। जब सीएए आया तो कांग्रेस ने कहा था कि मुसलमानों को बाहर निकाल देंगे, फिर किसानों को भड़का दिया। इन लोगों ने खुद तो कुछ किया नहीं बल्कि कांग्रेस नेताओं ने सिस्टम को खराब करने का काम किया है। अब वक्फ बोर्ड बिल को लेकर लेकर सियासत तेज हो रही है।

## कांग्रेस द्वारा वक्फ संशोधन विधेयक को नहीं मानना संसद का अपमान : विज

**चंडीगढ़।** हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने कहा कि वक्फ संशोधन विधेयक 2025 को हमारी सरकार ने लिबरल होकर बनाया है। लोकसभा व राज्यसभा में चर्चा के बाद यह पारित हुआ है जो सभी पर लागू होता है। कांग्रेस द्वारा यह कहना कि हम इसे नहीं मानते तो यह संसद का अपमान है। विज आज वक्फ संशोधन विधेयक के खिलाफ कांग्रेस के सुप्रीम कोर्ट में जाने संबंधी मामले में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।

## सहकारिता मंत्री ने चौटाला सेंट्रल कॉपरेटिव बैंक शाखा मैनेजर सस्पेंड किया

**चंडीगढ़।** सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने गुरुवार को बड़ी कार्रवाई की है। शर्मा ने सिरसा सेंट्रल कॉपरेटिव बैंक शाखा चौटाला के मैनेजर को सस्पेंड कर दिया है। यह कार्रवाई पैक्स चौटाला में 3.30 करोड़ रुपये का घोटाला सामने आने के बाद की गई है। जांच के दौरान गबन के आरोपी पैक्स प्रबंधक और दो सेल्समैन पहले ही निलंबित हो चुके हैं। जांच कमेटी ने मैनेजर सुभाष चन्द्र पर कार्रवाई को सिफारिश की थी।

# विकसित राष्ट्र बनाने का सपना साकार करने में हरियाणा का रहेगा योगदान : मुख्यमंत्री

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸| चंडीगढ़



मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को साकार करने में हरियाणा का विशेष योगदान रहेगा। इसी तरह से हम सभी को मिलकर हरियाणा के विकास की गति को और तेजी से आगे बढ़ाना होगा। मुख्यमंत्री निवास चंडीगढ़ स्थित संत कबीर कुटीर में अंबाला से आए सैकड़ों लोगों को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में हर क्षेत्र में विकास हुआ है और दुनिया में भारत का नाम ऊंचा हुआ है। अब भारत सुरक्षित, लोगों के हितों को सर्वोपरि रखने वाला, तीव्र गति से विकसित होने वाला राष्ट्र बन रहा है। उन्होंने कहा कि केंद्र और हरियाणा की जनहितैषी योजनाओं का लाभ जन-जन तक पहुंचाया जा रहा है। पात्र व्यक्तियों को चिंता करने की जरूरत नहीं हैं, क्योंकि सरकार उनके हितों का पूरा ख्याल रख रही है।

### पिंजौर के कामधेनु गोशला में सीबीजी प्लांट का उद्घाटन



**पंचकूला।** गोकल्याण और टिकाऊ पशुधन प्रबंधन की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने शुक्रवार को कामधेनु गौशाला सेवा सदन (केजीएसएस), पिंजौर में जीना सीखो लाइफकेयर की इकाई जीना ग्रीन्स रिसोर्सेज द्वारा स्थापित कंप्रेस्ड बायो गैस (सीबीजी) प्लांट का उद्घाटन किया। इस अवसर पर गौमाता देह संस्कार केंद्र और एक नए शेड का शिलान्यास भी किया गया, जो अब और अधिक आवारा गायों की सुविधा प्रदान करेगा। कार्यक्रम में महामंडलेश्वर गीता मनीषी, श्रद्धेय स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज, हरियाणा के कृषि और पशुपालन मंत्री धर्म सिंह राणा की उपस्थिति रही; शक्ति रानी शर्मा, विधायक, कालका, आचार्य मनीष, अध्यक्ष, जीना सीखो, नवराज धीर, अध्यक्ष, केजीएसएस, आलोक कृष्ण, उपाध्यक्ष, केजीएसएस, श्रवण कुमार गर्ग, अध्यक्ष, हरियाणा गौ सेवा आयोग, संजय टंडन, सदस्य, भाजपा राष्ट्रीय परिषद सहित सम्मानित गणमान्य व्यक्ति, धार्मिक नेता और सामाजिक कार्यकर्ता शामिल हुए।

## हिसार एयरपोर्ट के साथ उद्घाटन उद्घाटन खेल रही भाजपा : हुड्डा

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸| चंडीगढ़



भाजपा जब से सत्ता में आई है, तभी से अपने वादों के विपरीत काम करते हुए लगातार जनता के साथ विश्वासघात कर रही है। ये कहना है पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा का। हुड्डा अपने आवास पर पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर उन्होंने कहा कि बिजली की दरों में बढ़ोत्तरी, कौशल कर्मियों की बर्खास्तगी, हिसार एयरपोर्ट निर्माण में देरी समेत कई मुद्दों पर अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि भाजपा ने हिसार एयरपोर्ट की परियोजना को लटकाने के लिए हर हथकंडा अपनाया। जबकि कांग्रेस सरकार के दौरान 2013-14 में ही हिसार और करनाल एयरपोर्ट को केंद्र सरकार की मंजूर मिल गई थी, लेकिन 11 साल तक निर्माण को लटकाए रखा। आज तक भाजपा हिसार एयरपोर्ट के साथ उद्घाटन-उद्घाटन खेल रही है। कभी मुख्यमंत्री, कभी केंद्रीय मंत्री तो अब प्रधानमंत्री से इसका उद्घाटन करवाया जा रहा है।

## सुरक्षित है कच्चे कर्मचारियों का भविष्य, झूठ बोल रही कांग्रेस : अत्रे

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸| चंडीगढ़



मुख्यमंत्री के मीडिया सचिव प्रवीण अत्रे ने कहा कि कांग्रेस की नीति झूठ बोलकर जनता को भ्रमित करने की रही है। कांग्रेस की इस नीति का पालन भूपेंद्र सिंह हुड्डा भी कर रहे हैं। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने विधानसभा में प्रस्ताव पारित कर कच्चे कर्मचारियों के भविष्य को सुरक्षित किया है। सरकार ने एक भी कर्मचारी को नहीं निकाला। भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने इसी प्रकार का भ्रम बिजली के दाम पर भी फैलाने का प्रयास किया। परंतु सच्चाई इस से अलग है। हरियाणा में घरेलू श्रेणी के ऐसे उपभोक्ताओं, जिनकी मासिक खपत 300 यूनिट तक और लोड 5 किलोवाट तक है, उनके लिए मासिक न्यूनतम शुल्क को पूर्णतः समाप्त कर दिया गया है। अब इन उपभोक्ताओं को केवल अपनी वास्तविक खपत के अनुसार ही भुगतान करना होगा, जिससे उन्हें वित्तीय राहत भी मिलेगी और ऊर्जा की बचत को प्रोत्साहन मिलेगा।

## अग्निशमन कर्मचारियों की मांगों को लेकर 15 तक बनाएं कमेटी



हरिभूमि ब्यूरो ▸▸| चंडीगढ़

शहरी स्थानीय निकाय मंत्री विपुल गोयल ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि अग्निशमन विभाग के कर्मचारियों की मांगों की सुनवाई के लिए 15 अप्रैल तक कमेटी का गठन करें और हर बिंदु पर गहनता से जांच कर इसकी सिफारिश सरकार को भेजें। विपुल गोयल हरियाणा निवास में आयोजित नगर पालिका कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों व विभाग के अधिकारियों के साथ बुलाई गई समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में विपुल गोयल ने आश्वासन दिया कि उनका प्रयास रहेगा कि हरियाणा अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवाएं विभाग देश का सर्वोत्तम विभाग बने। विभाग में नए कर्मचारियों की आवश्यकता अनुसार भर्ती की जाए, हालांकि कर्मचारियों का कार्य जोखिम वाला होता है। शारीरिक रूप से हृष्ट-पुष्ट कर्मचारियों की सेवाएं इस विभाग में आवश्यक है। अधिक उम्र के कर्मचारियों को आपातकालीन ड्यूटी की बजाय दूसरी शाखाओं में ड्यूटी पर रखा जा सकता है।

### समायोजित किए कर्मी

गोयल ने कहा कि जो कर्मचारी आउटसोर्सिंग पार्ट-वन व टू के तहत सेवारत थे, उन्हें कौशल रोजगार निगम में समायोजित किया गया है। बैठक में गृह विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव डा. सुमिता मिश्रा, अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवाएं विभाग के महानिदेशक शेखर विद्यार्थी के अलावा, नगर पालिका कर्मचारी संघ के प्रधान नरेश शास्त्री मौजूद रहे।

### कल्याण फंड होगा

बैठक में मंत्री ने आश्वासन दिया कि कर्मचारियों के हित में शीघ्र ही अग्निशमन कर्मचारी कल्याण फंड का गठन किया जाएगा। इस फंड से ड्यूटी के दौरान मृत्यु व अन्य प्रकार की विकलांगता आने पर कर्मचारी व उसके आश्रितों को वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी।



